# 316 हेक्टेयर में विकसित होगा औद्योगिक गलियारा फेज-दो

संवाद न्यूज एजेंसी

## मुख्य सचिव ने दी स्वीकृति, देसी-विदेशी कंपनियों को भा रहा उन्नाव

**उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के पास 132 हेक्टेयर में बन रहे औद्योगिक गलियारे का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने इसके लिए 186 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को स्वीकृति दे दी है। मुख्य सचिव ने फेज दो के लिए 316 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विस्तार देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोमवार को स्थलीय दौरे के बाद स्वीकृति दी है।

बिछिया ब्लॉक के सरांय कटियान गांव के पास निर्माणाधीन औद्योगिक गलियारे का मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार शाम को निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने गलियारे को विस्तार देने की योजना को भी स्वीकृति दी। 316 हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल कारीडोर का फेज दो बनाया जाएगा। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि एसडीएम को जमीन का प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

मालूम हो कि लखनऊ और कानपुर के नजदीक होने व एक हाईवे और दो एक्सप्रेसवे के पास होने से यह औद्योगिक गलियारा देसी और विदेशी कंपनियों की पसंद बन गया है। यूएई का शाही परिवार भी चार हजार करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। यूएई की कंपनी फिश हैचरी, प्रोसेसिंग प्लांट और फीड प्लांट बनाने जा रही है।